अंकन योजना
अत्यंत गोपनीय (केवल आंतरिक और सीमित प्रयोग हेतु)
सेकेंडरी स्कूल परीक्षा **2024**
कक्षा- **10** वीं हिंदी **(A)**, कोड- **002**
प्रश्न पत्र कोड **3/1/1**

सामान्य निर्देश:

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी सी भूल भी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा व्यवस्था और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। गलतियों से बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से इसके सार्वजनिक होने या 'लीक' होने पर परीक्षा व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिससे लाखों उम्मीदवारों का जीवन और भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंकन योजना का अनुपालन समग्रतापूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित या अभिनव हैं (innovative), उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जा सकते हैं। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दो दक्षता आधारित (competency based) प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर चाहे अंकन योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों, तब भी यदि उन्होंने सही दक्षताओं को व्यक्त किया हो तो उन्हें उचित अंक दिए जाने चाहिए।

4. अंकन योजना में उत्तरों के लिए केवल बिंदु सुझाए जाते हैं। ये बिंदु प्रकृति में केवल दिशानिर्देशों की भाँति होते हैं और पूरे उत्तर का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। विद्यार्थी अपनी शैली में उत्तर दे सकते हैं और यदि उनकी अभिव्यक्ति सही है, तो उसके अनुसार उचित अंक दिए जाने चाहिए।

5. अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्य परीक्षक पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता द्वारा जाँची गई पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें। यदि कोई अंतर है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद वह समाप्त /शून्य हो जाना चाहिए। परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए शेष उत्तरपुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब मुख्य परीक्षक आश्वस्त हो कि मूल्यांकनकर्ताओं के अंकन में बहुत अधिक भिन्नता नहीं है।

6. मूल्यांकनकर्ता सही उत्तर पर सही का निशान (✔) लगाएँ। गलत उत्तर के लिए गलत का चिह्न ( x ) लगाएँ। मूल्यांकनकर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा लगता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए हैं। यह मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा की जाने वाली सबसे आम गलती है।

7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों, तो कृपया प्रश्नों के प्रत्येक उपभाग के उत्तर पर दाईं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में, उस प्रश्न के सभी उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

8. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो, तो बाईं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

9. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी एक को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उन्हीं पर अंक दें और अन्य उत्तर को काटकर उस पर 'अतिरिक्त प्रश्न' लिख दें।

10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो हर बार उसके अंक न काटें। एक जैसी त्रुटि के लिए अंक एक बार ही काटे जाएँ।

11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण के लिए प्रश्न-पत्र में दिए अधिकतम अंकों के अनुसार 0 से 80/70/60/50/40/30 अंक) का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

12. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को पूर्ण कार्य अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 20 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। ( विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

13. नीचे कुछ सामान्य त्रुटियों की सूची दी गई है जिन्हें पिछले वर्षों में मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता रहा है। यह सुनिश्चित करें कि आप इस प्रकार की त्रुटियाँ न करें–

- उत्तरपुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक दे देना
- उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तरपुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- आवरण पृष्ठ पर दो कॉलम के अंकों का योग करने में अशुद्धि
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- प्राप्तांकों को संख्याओं और शब्दों में लिखने में अंतर होना
- उत्तरपुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना

- उत्तरों पर सही का चिह्न (✔) लगाना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि ( ✔ ) या ( x ) का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और बाकी गलत हो किंतु कोई अंक न दिए गए हों।

14. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए, यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर ( x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

15. उत्तरपुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँच किए छूट जाना, मुख्य पृष्ठ पर अंतरण न होना या प्राप्तांकों के योग में किसी त्रुटि का पता लगना मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी लोगों की छवि को और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। इसलिए, सभी की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए यह फिर से दोहराया जाता है कि निर्देशों का सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से पालन किया जाए।

16. सभी मूल्यांकनकर्ता वास्तविक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित अवश्य हो जाएँ।

17. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जा चुका है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं /अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक उत्तर का मूल्यांकन अंक योजना में दिए गए मूल्य बिंदुओं के अनुसार ही किया जाए।

अंक–योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/1/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | **खंड 'अ'**<br>**( बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न )** | |
| 1 | 1 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>भारत एक विशाल ...................................... की आवश्यकता है। | 5x1=5 |
| | (i) | प्रश्न – किसी भी देश ................................. आवश्यक है :<br>उत्तर – (D) मातृभाषा में शिक्षा का विस्तार होना | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – स्वास्थ्य और ...................................... स्थिति में हैं?<br>उत्तर – (A) मातृभाषा में चिकित्सीय शिक्षा देने वाले देश | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – भारत में क्षेत्रीय .......................................... कारण हैं?<br>उत्तर – (C) उपयुक्त प्रयासों का अभाव | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – 'मातृभाषा में शिक्षा .............................. तर्क सही है/हैं?<br>उत्तर – (A) 1 सही है। | 1 |
| | (v) | प्रश्न – कथन और कारण को .............................. लिखिए :<br>कथन - भारत में शिक्षा .............................. आवश्यकता है।<br>कारण - शिक्षा के माध्यम .............................. ला सकता है।<br>उत्तर – (C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है। | 1 |

अंक–योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/1/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| 2 | 2 | प्रश्न – निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : –<br><br>सच से हट कर जिए तो क्या जिए हम या कि तुम।<br>............................... वही जो मोड़ दे मँझधार को। | 5x1=5 |
| | (i) | प्रश्न – 'अपने-आप से ............................... अभिप्राय है?<br>उत्तर – (A) अपने भीतर उठे अंतर्द्वन्द्व से लड़ना<br>(B) अपने भीतर की कमज़ोरियों से लड़ना<br>(दोनों विकल्पों में से किसी एक के चयन पर पूरे अंक दिए जाएँ।) | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'जो नत हुआ ............................... कहा गया है?<br>उत्तर – (D) स्वाभिमान रहित जीवन मृतक के समान है। | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – काव्यांश का संदेश है :<br>उत्तर – (C) कैसी भी कठिन परिस्थिति हो, उससे हार न मानने का | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – 'काँटे' और ............................... प्रतीक हैं?<br>उत्तर – (B) दुख और सुख के | 1 |
| | (v) | प्रश्न – कथन और कारण पर ............................... चुनकर लिखिए :<br>कथन - मानव ...............................संघर्षपूर्ण है।<br>कारण - मानव मात्र को अपने ............................... सामना करना चाहिए।<br>उत्तर – (D) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है। | 1 |

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/1/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| 3 | 3 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न – 'जब बाबू जी रामायण ............................ संयुक्त वाक्य होगा :<br>उत्तर – (A) बाबू जी रामायण का पाठ करते और हम उनकी बगल में बैठे रहते। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'माँ थाली में ............................ होगा :<br>उत्तर – (C) माँ थाली में दही-भात सानकर बनावटी नाम से कौर बनाकर खिलाती जाती। | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में से ............................ चुनकर लिखिए :<br>उत्तर – (D) 1 और 3 | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों ............................ सरल वाक्य का उदाहरण है :<br>उत्तर – (B) वहाँ जल-संचय का उचित प्रबंध है। | 1 |
| | (v) | प्रश्न – स्तंभ I और .................................. चुनकर लिखिए :<br>उत्तर – (B) 1-(III) 2-(II) 3-(I) | 1 |
| 4 | 4 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न – 'लेखक ने अपने .......................... में वाच्य है : | |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | उत्तर – (C) कर्तृवाच्य | 1 |
| 4 | (ii) | प्रश्न – 'संगतकार द्वारा मुख्य .......................... वाच्य पहचानिए :<br>उत्तर – (C) कर्मवाच्य | <br>1 |
| | (iii) | प्रश्न – 'कवि ने श्रीकृष्ण के .......................... कर्मवाच्य होगा :<br>उत्तर – (B) कवि द्वारा श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन किया गया है। | <br>1 |
| | (iv) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में .......................... का उदाहरण है/हैं :<br>उत्तर – (B) 2 और 4 | <br>1 |
| | (v) | प्रश्न – स्तंभ - I को .......................... चयन कर लिखिए :<br>उत्तर – (C) 1–III 2–I 3–II | <br>1 |
| 5 | 5 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न – '<u>शीला जी</u> ने साहित्य का दायरा ही बढ़ा दिया।' - वाक्य में रेखांकित पद का परिचय है :<br>उत्तर – (A) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक | <br>1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'लेखक ने <u>उस</u> घटना को पूरी ईमानदारी से लिखा।' रेखांकित पद का परिचय होगा :<br>उत्तर – (B) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, विशेष्य-'घटना' | <br>1 |

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/1/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| 5 | (iii) | प्रश्न – निम्नलिखित में किस ...................... का प्रयोग नहीं हुआ है?<br>उत्तर – (A) एक चिड़िया हमारी खिड़की पर डरी-डरी बैठी थी।<br>(D) उस ड्राइवर ने अचानक ज़ोर से ब्रेक लगाई।<br>(दोनों विकल्पों में से किसी एक के चयन पर पूरे अंक दिए जाएँ।) | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – 'कस्बे की नगरपालिका <u>प्रतिवर्ष</u> कुछ नया करती थी।' रेखांकित पद का परिचय है :<br>उत्तर – (B) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'करना' क्रिया की विशेषता। | 1 |
| | (v) | प्रश्न – 'बचपन में <u>मैं</u> दुबली-पुतली और साँवली थी।' रेखांकित पद का परिचय है :<br>उत्तर – (D) उत्तमपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक। | 1 |
| 6 | 6 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न – 'पानी परात को हाथ ......................... में अलंकार है :<br>उत्तर – (D) अतिशयोक्ति | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'धीरे-धीरे उतर ......................... अलंकार है :<br>उत्तर – (A) मानवीकरण | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – 'विद्या धन उद्यम बिना ......................... का प्रयोग हुआ है?<br>उत्तर – (D) उत्प्रेक्षा | 1 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| 6 | (iv) | प्रश्न – 'मृदु मिट्टी के .......................... में प्रयुक्त अलंकार है :<br>उत्तर – (B) श्लेष | 1 |
| | (v) | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों .......................... का उदाहरण है?<br>उत्तर – (C) वह दौड़ रहा अरि मस्तक पर,<br>वह आसमान का घोड़ा था। | 1 |
| 7 | 7 | प्रश्न – निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>नाथ संभुधनु भंजनिहारा। ...................................... बिदित सकल संसार।। | 5x1=5 |
| | (i) | प्रश्न – 'नाथ संभुधनु भंजनिहारा। .......................... प्रकट होती है।<br>उत्तर – (C) विनम्रता | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – परशुराम ने शिव धनुष .......................... क्या चेतावनी दी?<br>उत्तर – (A) सहस्रबाहु के समान उसे अपना शत्रु समझने की | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – 'न त मारे जैहहिं .......................... उदाहरण है।<br>उत्तर – (B) अहंकार का | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – सेवक किसे .......................... गया है?<br>उत्तर – (B) सेवा करने वाले को | 1 |
| | (v) | प्रश्न – परशुराम की धनुष .......................... क्या कारण था? | |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | उत्तर – (A) उनके आराध्य शिव का धनुष होना | 1 |
| 8 | 8 | प्रश्न – पाठ्यपुस्तक में निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित **दो** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 2x1=2 |
| | (i) | प्रश्न – संगतकार मुख्य गायक ........................... लिखिए :<br>उत्तर – (A) उसके समान ही अपनी पहचान बनाने के लिए। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'यह दंतुरित मुसकान' कविता ........................... क्या कारण था?<br>उत्तर – (C) वह उन्हें पहचानने की कोशिश कर रहा था। | 1 |
| 9 | 9 | प्रश्न – निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>आज़ाद हिंद फ़ौज के ....................................... से स्वागत किया। | 5x1=5 |
| | (i) | प्रश्न – "बंद करो अब इस मन्नू का ........................... दिया गया है?<br>उत्तर – (A) माँ को | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – पिताजी के भभकने ........................... कारण था?<br>उत्तर – (C) पिताजी के मित्र द्वारा मन्नू की शिकायत | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – उपर्युक्त ........................... भाषा है –<br>उत्तर – (C) मुहावरेदार भाषा | 1 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| 9 | (iv) | प्रश्न – हड़ताल का .......................... जा रहा था?<br>उत्तर – (A) आज़ाद हिंद फौज के खिलाफ़ मुकदमे के विरोध में। | 1 |
| | (v) | प्रश्न – पूरा छात्र–वर्ग चौपड़ .......................... एकत्रित हुआ?<br>उत्तर – (A) आयोजित हड़ताल के समर्थन के लिए। | 1 |
| 10 | 10 | गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : | 2x1=2 |
| | (i) | प्रश्न – बिस्मिल्ला खाँ काशी .......................... का चयन कीजिए :<br>उत्तर – (C) काशी से दूर जाने पर उन्हें स्वयं पर विश्वास कम प्रतीत होने लगता था। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'लखनवी अंदाज़' पाठ के .......................... लेखक कब लगे?<br>उत्तर – (D) उनके बिना खीरा खाए ही ऊँची डकार को सुनकर | 1 |
| | | **खंड 'ब'**<br>**( वर्णनात्मक प्रश्न )** | |
| 11 | 11 | प्रश्न – गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में दीजिए : | 3x2=6 |
| | (क) | प्रश्न – 'नेताजी का चश्मा' पाठ .......................... 'पागल' क्यों कहा?<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर व्यक्तिगत दृष्टिकोण से स्वतंत्र और | 2 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, जैसे -<br>• आजकल देशभक्ति की भावना को पागलपन समझा जाना<br>• कैप्टन द्वारा नेताजी की मूर्ति पर बार-बार चश्मा लगाया जाना<br>• पानवाले का हँसमुख स्वभाव<br>• पानवाले का कैप्टन के प्रति पूर्वग्रह<br>• पानवाले की कैप्टन से मित्रता<br>• अन्य स्वतंत्र उपयुक्त उत्तर भी स्वीकार्य (2 अंक)<br>---------<br>✳ उत्तर का पर्याप्त विस्तार न कर पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>---------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| | (ख) | प्रश्न – 'संस्कृति' पाठ से ली गई .......................... क्या अभिप्राय है?<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में दी गई पंक्ति का उपयुक्त अभिप्राय लिखेंगे, जैसे -<br>कोई वस्तु, परंपरा, ज्ञान और विचार जो बदलते समय के साथ अप्रासंगिक और अकल्याणकारी हो (2 अंक)<br>---------<br>✳ उत्तर का पर्याप्त विस्तार न कर पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>---------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| | (ग) | प्रश्न – बिस्मिल्ला खाँ का जीवन .......................... क्या संदेश देता है? | |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर कोई <u>एक</u> उपयुक्त संदेश लिखेंगे, जैसे –<br>• सहजता और विनम्रता<br>• निरंतर अभ्यास<br>• गंगा–जमुनी संस्कृति में आस्था<br>• जन्मभूमि के प्रति प्रेम<br>• सादगीपूर्ण जीवन<br>• कला के प्रति पूर्ण समर्पण<br>• अन्य स्वतंत्र बिंदु भी स्वीकार्य (2 अंक)<br>––––––––––<br>✳ उपयुक्त संदेश नहीं लिख पाने परंतु पाठ के आधार पर थोड़े–बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>––––––––––<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| 11 | (घ) | प्रश्न – 'बालगोबिन भगत' पाठ के ........................... को उजागर करता है?<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में बालगोबिन भगत <u>दो</u> उपयुक्त गुणों को लिखेंगे, जैसे –<br>• समाज में प्रचलित रूढ़ियों का विरोध<br>• प्रगतिशील विचार या सोच<br>• नि:स्वार्थ भावना<br>• वात्सल्य भाव<br>• अन्य स्वतंत्र बिंदु भी स्वीकार्य (1+1= 2 अंक)<br>–––––––––<br>✳ कोई एक बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>––––––––– | 2 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 12 | 12 | प्रश्न – निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए : | 3x2=6 |
| | (क) | प्रश्न – 'आत्मकथ्य' कविता से ली ........................... का क्या आशय है?<br>उत्तर – परीक्षार्थी दी गई पंक्ति का उपयुक्त आशय स्पष्ट करेंगे, जैसे –<br>• इस सृष्टि में कवि के जीवन के समान अनगिनत लोगों के जीवन की अपनी–अपनी कहानी<br>• कवि का मानना कि उसकी जीवनकथा साधारण (2 अंक)<br>----------<br>✳ उत्तर का पर्याप्त विस्तार न कर पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े–बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>----------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| | (ख) | प्रश्न – 'उत्साह' कविता के ........................... प्रकाश डालिए।<br>उत्तर – परीक्षार्थी व्यक्तिगत दृष्टिकोण से स्वतंत्र और उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, जैसे–<br>• कविता के केन्द्रीय भाव की अभिव्यक्ति<br>• आह्वान गीत<br>• नव परिवर्तन हेतु नव उत्साह और नवीन कल्पना का समावेश (2 अंक)<br>----------<br>✳ उत्तर का पर्याप्त विस्तार न कर पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े–बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) | 2 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | ---------- <br> ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 12 | (ग) | प्रश्न – सूरदास के 'पद' के अनुसार .......................... पढ़ ली है? <br> उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में **<u>एक</u>** उपयुक्त बिंदु लिखेंगे, जैसे – <br> • स्वयं न आकर उद्धव द्वारा योग–संदेश भेजने के कारण <br> • प्रेम की मर्यादा का पालन न करने के कारण (2 अंक) <br> ---------- <br> ✳ उत्तर का पर्याप्त विस्तार न कर पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े–बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) <br> ---------- <br> ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| | (घ) | प्रश्न – फागुन मास में प्रकृति के .......................... आधार पर कीजिए। <br> उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ से प्रकृति–सौन्दर्य के कोई <u>दो</u> बिंदु लिखेंगे, जैसे – <br> • मंद सुवासित, शीतल हवा का बहना <br> • मन में उल्लास और उमंग का भरना <br> • पेड़ों पर नए लाल–हरे पत्ते निकलना <br> • वातावरण पुष्पित, पल्लवित और सुगंधित होना (1+1=2 अंक) <br> ---------- <br> ✳ कोई एक बिंदु लिखने पर (1 अंक) <br> ---------- <br> ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/1/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| 13 | 13 | प्रश्न – पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : | 2x4=8 |
| | (क) | प्रश्न – 'साना-साना हाथ जोड़ि' ......................... की आत्मा एक ही है?<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, जैसे –<br><u>कब</u><br>• एक कुटिया के भीतर घूमता चक्र देखकर<br>• उस चक्र को घुमाने से सारे पाप धुल जाते हैं, इस मान्यता के बारे में जानकर (2 अंक)<br>क्यों –<br>• धार्मिक मान्यताओं, आस्थाओं, विश्वास में समानता (तीर्थयात्रा, गंगास्नान आदि मान्यताएँ)<br>• पाप-पुण्य, स्वर्ग-नरक आदि की समान धारणाएँ (2 अंक)<br>(2+2= 4 अंक)<br>----------<br>✳ पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर देने और दूसरे हिस्से का अस्पष्ट उत्तर देने पर<br>अथवा<br>✳ पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर न देकर पाठ के आधार पर थोड़े-बहुत वाक्य लिखने और दूसरे हिस्से के लिए उपयुक्त उत्तर लिखने पर (3 अंक)<br>----------<br>✳ प्रश्न के किसी एक हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर<br>अथवा<br>✳ प्रश्न के दोनों हिस्सों के उत्तर के लिए थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (2 अंक)<br>----------<br>✳ प्रश्न के किसी एक हिस्से के लिए थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर | 4 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | (1 अंक)<br>----------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 13 | (ख) | प्रश्न – 'माता का अँचल' पाठ में जिस ........................ मानते हैं?<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ से प्राप्त समझ के आधार पर व्यक्तिगत दृष्टिकोण से ग्राम्य जीवन और संस्कृति में अंतर दो बिंदुओं में लिखेंगे, जैसे –<br>पाठ में वर्णित गाँव<br>• शांत, प्राकृतिक एवं आत्मीयता से परिपूर्ण वातावरण<br>• सरल एवं सादगीपूर्ण जीवनशैली<br>• प्रकृति से निकटता<br>• खेती-बाड़ी से जुडाव<br>• खेल-मनोरंजन के सरल और सुलभ साधन (2 अंक)<br>वर्तमान गाँव<br>• आधुनिक तकनीकी साधनों से युक्त<br>• कृत्रिमता का बढ़ता प्रभाव<br>• प्रकृति से निरंतर बढ़ती दूरी<br>• रहन-सहन, खान-पान, खेल-कूद और मनोरंजन के साधनों पर शहरी चकाचौंध का बढ़ता प्रभाव<br>• अन्य उपयुक्त स्वतंत्र बिंदु भी स्वीकार्य (2 अंक)<br>----------<br>✳ परीक्षार्थी द्वारा किसी एक भिन्नता को विस्तार से लिखने और दूसरे का संक्षिप्त उल्लेख करने पर<br>अथवा<br>✳ पाठ में वर्णित ग्राम्य जीवन और संस्कृति का विस्तृत वर्णन करने परंतु वर्तमान गाँवों में आए अंतर का मात्र उल्लेख करने पर | 4 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | अथवा<br>✳ पाठ में वर्णित ग्राम्य जीवन और संस्कृति का उल्लेख करते हुए वर्तमान गाँवों में आए अंतर का विस्तृत वर्णन करने पर (3 अंक)<br>----------<br>✳ किसी एक भिन्नता के विस्तृत वर्णन पर अथवा किन्हीं दो भिन्नताओं के संक्षिप्त उल्लेख पर<br>अथवा<br>✳ पाठ में वर्णित ग्राम्य जीवन और संस्कृति का वर्णन करने पर<br>अथवा<br>✳ वर्तमान में ग्राम्य जीवन और संस्कृति का वर्णन करने पर (2 अंक)<br>----------<br>✳ किसी एक भिन्नता का संक्षिप्त उल्लेख करने पर<br>अथवा<br>✳ पाठ के ग्राम्य जीवन के एक बिंदु का उल्लेख करने पर<br>अथवा<br>✳ वर्तमान गाँव के जीवन पर एक बिंदु के उल्लेख पर (1 अंक)<br>----------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 13 | (ग) | प्रश्न – 'मैं क्यों लिखता हूँ' .......................... प्रभावित करते हैं?<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर तर्कपूर्ण उत्तर लिखेंगे, जैसे –<br>हाँ, रचनाकार और उसकी रचनाएँ बाहरी दबाव से भी प्रभावित हो सकती हैं;<br>बाहरी दबाव<br>• सम्पादकों का आग्रह<br>• प्रकाशकों की माँग | 4 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | • रचनाकारों की आर्थिक विवशता (1+1+1= 3 अंक)<br><br>परीक्षार्थी प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए व्यक्तिगत दृष्टिकोण से स्वतंत्र और उपयुक्त उत्तर लिखेंगे। (1 अंक)<br>(1+1+1+1= 4 अंक)<br>———————<br>प्रश्न के पहले हिस्से के लिए तीन उपयुक्त बिंदु और दूसरे हिस्से के लिए कोई उत्तर नहीं लिखने पर<br>अथवा<br>प्रश्न के पहले हिस्से के लिए दो उपयुक्त बिंदु और दूसरे हिस्से के लिए पर्याप्त उत्तर लिखने पर (3 अंक)<br>———————<br>प्रश्न के पहले हिस्से के लिए कोई एक उपयुक्त बिंदु और दूसरे हिस्से के लिए पर्याप्त उत्तर लिखने पर (2 अंक)<br>———————<br>प्रश्न के पहले हिस्से के लिए कोई एक उपयुक्त बिंदु अथवा दूसरे हिस्से के लिए थोड़े–बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>———————<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 14 | 14 | प्रश्न – निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : | 6 |
| | (क) | साइबर सुरक्षा : जागरूकता की समाधान<br>भूमिका, अर्थ, वर्तमान में चर्चा का कारण, जागरूकता का प्रभाव | |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| 14 | (ख) | सौर ऊर्जा : सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा<br>भूमिका, स्रोत, देश के लिए क्यों आवश्यक, लाभ | |
| | (ग) | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस<br>भूमिका, उद्देश्य, संसार की लगभग ........................ पर प्रभाव<br><br>उत्तर –<br>**<u>अनुच्छेद-लेखन</u>**<br>• भूमिका = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• निष्कर्ष = 1 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br><br>**<u>विशेष निर्देश</u>** :–<br>• दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय–वस्तु लेखन, स्तरीय और रचनात्मक भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 15 | (क) | आप चंदा/चंदन है। खराब जीवनशैली ........................ उसे एक पत्र लिखए। | 5 |
| | | **अथवा** | |
| | (ख) | पुलिस द्वारा उठाए गए ........................ की सामूहिक जिम्मेदारी है। | 5 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | उत्तर –<br>**<u>पत्र-लेखन</u>**<br>• प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**<u>विशेष निर्देश</u>** :–<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही पत्र माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>• प्रारूप और आरंभ-अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (दाएँ-बाएँ, सेवा में आदि पर अतिरिक्त ध्यान न दिया जाए)<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 16 | (क) | आप रजनी/राजन है। .................................. स्ववृत्त तैयार कीजिए।<br><br>उत्तर –<br>**<u>स्ववृत्त-लेखन</u>**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक | 5 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | **विशेष निर्देश** :–<br>• व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यताएँ आदि को शामिल कर यथोचित विषय–वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर अधिकतम एक अंक ही काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br><br>**अथवा** | |
| 16 | (ख) | आप राजन/रजनी हैं। .................................. 80 शब्दों में ई–मेल लिखिए।<br>उत्तर –<br>**औपचारिक ई-मेल**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश** :–<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही ईमेल माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | 5 |
| 17 | (क) | राज्य परिवहन निगम की .................................. विज्ञापन तैयार कीजिए। | 4 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | उत्तर –<br>**<u>विज्ञापन-लेखन</u>**<br>• रचनात्मकता + प्रस्तुति = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br><br>**<u>विशेष निर्देश</u>** :–<br>• विज्ञापन–लेखन में रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br><br>**अथवा** | |
| | (ख) | आपके कक्षाध्यापक का .................................. 40 शब्दों में संदेश लिखिए।<br>उत्तर –<br><br>**<u>संदेश-लेखन</u>**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश** –<br>• संदेश लेखन का कोई एक निश्चित प्रारूप नहीं है। परीक्षार्थी द्वारा किसी उपयुक्त प्रारूप के उपयोग पर ही अंक दिए जाएँ। | 4 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |